दिनांक 22.04.2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर

भिलाई

लाॅकडाउन के दौरान एसएलआरएम सेन्टर में हो रहा है कचरों का बेहतर निष्पादन

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में प्रतिदिन कचरे का उठाव किया जा रहा है। भिलाई निगम क्षेत्र में प्रतिदिन कचरा कलेक्शन के जरिए बड़ी मात्रा में विभिन्न प्रकार का कचरा निकलता है। लाॅकडाउन के समय में भी सफाई कर्मी शहर से निकलने वाले कचरों का बेहतर तरीके से निष्पादन कर रहे हैं। सोशल डिस्टेंस का पालन व सुरक्षा संबंधी नियमों को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता कर्मचारी प्रतिदिन कचरों के पृथकीकरण कार्य में जुटे हुए है। शहर में साफ सफाई व्यवस्था को चाक चौबंद रखने निगम प्रशासन के विभागीय अधिकारी निरंतर माॅनिटरिंग कर रह है ताकि शहर में निकले हुए कचरे का बेहतर निष्पादन किया जा सके! एसएलआरएम सेंटर में कचरो का पृथकीकरण एवं बेलिंग मशीन में काम करने वाले सभी कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधी कीट प्रदान किए गए है। कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु लाॅकडाउन में सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए कर्मचारी सुरक्षा संबंधी सभी सावधानियों को ध्यान रखते हुए लाॅकडाउन के समय में भी निरंतर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इन्हें एप्राॅन , दस्ताना, जूते एवं मास्क प्रदान किया गया है। झिल्ली , पन्नी इत्यादि कचरे को व्यवस्थित कर निष्पादन करने एसएलआरएम सेंटर में कार्य किया जा रहा है। भिलाई निगम क्षेत्र से प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के माध्यम से बहुतायत मात्रा में कागज , झिल्ली, पन्नी, प्लास्टिक इत्यादि का कचरा निकलता है।

जनसम्पर्क अधिकारी